तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

13 साहित्यकारों के नाम पर सड़कों का नामकरण, धमतरी की ...

14 शहर में फोरलेन सड़कों का विस्तार यातायात व्यवस्था को ...




## खबर संक्षेप

### निःशुल्क कोचिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**धमतरी।** जिले के ऐसे युवा जिन्होंने भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा किए हैं, वे परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग के लिए 30 अप्रैल तक रोजगार विभाग के अधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवाओं को 4 जून तक एक माह के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। उम्मीदवार चयन के लिए कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन लिखित परीक्षा जून में संभावित है। इसके बाद शारीरिक दक्षता एवं चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा।

### बुद्ध जयंती पर मांस-मटन की दुकानें बंद रहेंगी

**धमतरी।** नगर पालिक निगम द्वारा आगामी बुद्ध जयंती के अवसर पर शहर में मांस-मटन की सभी दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। निगम आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार 1 मई को धमतरी परिक्षेत्र में स्थित सभी पशुवध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी। निगम प्रशासन ने सफाई से जुड़े सभी सुपरवाइजरों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें और आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। साथ ही संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को भी आवश्यक व्यवस्था बनाने एवं निर्धारित दिन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लागू कराने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम ने सभी मांस विक्रेताओं से आग्रह किया है कि वे आदेश का पालन करते हुए बुद्ध जयंती के दिन अपने प्रतिष्ठान बंद रखें और प्रशासन का सहयोग करें।

### गिरने से युवक की मौत

**धमतरी।** कूलर चालू करने जा रहा युवक अचानक सिर के बल जमीन पर गिर गया। सिर पर गंभीर चोट लगने से युवक की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम घुरावर निवासी लखनलाल वट्टी पिता रमेश उम्र 45 वर्ष खेती किसानी का काम करता था। मंगलवार की रात्रि लखनलाल खाना खाकर सो रहा था। इस दौरान कमरे में लगा कूलर ठीक से नहीं चल रहा था। नींद खुल जाने पर लखन कूलर को ठीक करने बिस्तर से उठा और चक्कर खाकर सिर के बल जमीन पर गिर गया। इस घटना में युवक के सिर के पीछे गंभीर चोट लगी। बेहोशी की हालत में युवक को निजी वाहन से उपचार के लिये उपस्वास्थ्य केन्द्र बेलर ले जाया गया। जहां से रेफर करने पर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहा इलाज के दौरान बुधवार की सुबह युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# मूलभूत सुविधाओं को तरस रहा देश का इकलौता गांधी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले का ही नहीं संभवतः देश का एकमात्र गांधी मंदिर सुविधाओं की कमी झेल रहा है। यहां पर एक शौचालय तक नहीं है। ग्रामीणों ने यहां पर निर्मला घाट और शौचालय बनाने की मांग की है।

धमतरी ब्लॉक का डुबान क्षेत्र पर्यटन स्थलों से भरा हुआ है। इसी में से एक ग्राम सटियारा का गांधी मंदिर है। जिले या प्रदेश का ही नहीं, संभवतः पूरे देश का यह एकमात्र गांधी मंदिर है, जहां पर महात्मा गांधी की मूर्ति स्थापित है। भारतमाता, महात्मा गांधी के साथ यहां पर अखबार की पूजा की जाती है। गंगरेल के तट पर स्थित और जंगलों से घिरा हुआ यह मंदिर काफी आकर्षक नजर आता है। प्रकृति ने यहां पर अपनी सारी सुंदरता बिखेर दी है। इस मंदिर का इतिहास 100 से ज्यादा पुराना है। मंदिर 1910 से संचालित है। अब इसकी ख्याति फैलने लगी है। लोग दर्शन के लिए आने लगे हैं। उन्हें सुविधाओं की कमी झेलनी पड़ रही है। यहां पर न तो नहाने के लिए निर्मला घाट और न ही शौचालय है। ऐसे में महिला दर्शनार्थियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सटियारा के ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर गांव से दूर है। गांव की महिलाओं के साथ आसपास के गांव की महिलाएं भी आती हैं, जो स्नान कर यहां पूजा पाठ करती हैं। स्नान की सुविधा नहीं होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है।

### ग्रामीणों ने कलेक्टर से शौचालय और निर्मलाघाट निर्माण की मांग की



### अंतिम छोर पर बसा है सटियारा

गांधी मंदिर ग्राम सटियारा में है। यह गांव जिले के अंतिम छोर पर स्थित है। डुबान क्षेत्र होने के कारण यहां जाने के लिए लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। नाव से नदी के रास्ते गांधी मंदिर की दूरी 12 किमी है लेकिन यहां तक जाने के लिए लोगों को चारामा से होकर करीब 70 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। यहां पर जाने के लिए सुलभ रास्ता बनाने की योजना फाइलों में दबी पड़ी है। यहां जाने के रास्ते भी खराब है।

बारहवीं कॉमर्स की छात्रा ने मेरिट में बनाया 5वां स्थान

# उम्मीद पर खरा उतरे छात्र, बोर्ड परीक्षा का परिणाम सुधरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस साल बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में सुधार हुआ है। अभी भी इसमें और सुधार की आवश्यकता है। रिजल्ट पिछले साल की तुलना में अच्छा आया है, लेकिन वर्ष 2024 की तुलना में कमजोर है। कक्षा बारहवीं में एक छात्रा ने प्रदेश की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। कक्षा दसवीं में एक भी छात्र या छात्रा मेरिट में नहीं आया है।

बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी किए। इस बार जिले का रिजल्ट संतोषप्रद रहा। शिक्षा विभाग ने अच्छे रिजल्ट के लिए परीक्षा से पहले ही अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। एक्स्ट्रा क्लास और उसके बाद प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित कर छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाई थी जिसका सार्थक परिणाम सामने आया है।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस साल कक्षा बारहवीं का रिजल्ट 84.18 प्रतिशत आया है। पिछले साल की तुलना में यह रिजल्ट 2.62 प्रतिशत ज्यादा है। वर्ष 2024 की तुलना में रिजल्ट 1.37 प्रतिशत कम है। कक्षा दसवीं का रिजल्ट 76.18 प्रतिशत आया है। पिछले साल से रिजल्ट 4.17 प्रतिशत सुधरा है। वर्ष 2024 की तुलना में रिजल्ट करीब 5 प्रतिशत कम हुआ है।



### छात्राओं का दबदबा कायम

इस साल भी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं का दबदबा कायम है। कक्षा बारहवीं में 4261 छात्राएं पास हुई हैं। कुल 87.33 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं जबकि 2557 छात्र ही पास हुए हैं। पास होने का प्रतिशत 79.40 है। कुल मिलाकर 6818 छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। कक्षा 10 वीं में 5024 छात्राएं और 3030 छात्र पास हुए हैं। छात्राओं के पास होने का प्रतिशत 82.01 है, जबकि 68.15 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं।

### मिलेगा दूसरा अवसर

कक्षा बारहवीं में 384 छात्र पूरक आए हैं। इन छात्रों को पास होने के लिए दूसरा अवसर दिया जाएगा। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में 432 छात्रों को पूरक मिला है। इन्हें भी पास होने के लिए दूसरा अवसर दिया जाएगा। पास होने के बाद ये छात्र अगली कक्षा के लिए पात्र हो जाएंगे। अन्यथा उन्हें फिर से पुरानी कक्षा की ही पढ़ाई करनी होगी।

### सफलता का कोई विकल्प नहीं : कुसुमलता



सेजेस कंडेल की छात्रा कुसुमलता बिपरे ने प्रदेश की मेरिट सूची में 5वां स्थान पाया है। उसने बताया कि कक्षा 10 वीं में वह कुछ ही अंक से मेरिट सूची में आने से चूक गई थी। बारहवीं में उसने जी तोड़ मेहनत की और मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। उसने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर पांचवां स्थान बनाया है। कुसुमलता ने जूनियरों को संदेश देते हुए कहा कि हार से ही जीत का रास्ता तय होता है। निरंतर मेहनत करने वालों की जीत होती है।

नशे के खिलाफ पुलिस की एक और कार्रवाई

# हेरोइन का सेवन कर रहा युवक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सार्वजनिक स्थान पर हेरोइन (चिट्टा) का सेवन कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 7 हजार रूपये का अवैध हेरोइन जब्त किया है।

नशे के खिलाफ पुलिस की जीरो टालरेंस नीति के तहत कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। अभियान के तहत अब आम जगह पर बैठकर गांजा, हेरोइन (चिट्टा) जैसे मादक पदार्थों का सेवन करने वालों पर भी पुलिस द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में सिटी कोतवाली को मुखबिर से जोधापुर वार्ड के भर्रीपारा क्षेत्र में एक युवक द्वारा खुलेआम मादक पदार्थ हेरोइन का सेवन करने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने तत्काल जोधापुर वार्ड के भर्रीपारा में पहुंचकर घेराबंदी की जहां आरोपी धनेश्वर यादव उर्फ धन्नू को मौके पर ही हेरोइन का सेवन करते रंगेहाथ पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 0.33 ग्राम हेरोइन कीमत 7 हजार रूपये, एक मोपेड वाहन कीमत 40 हजार रूपये, मोबाइल कीमत 6 हजार रूपये सहित अन्य सामग्री कुल कीमत 53 हजार 20 रूपये को जब्त किया गया। सिटी कोतवाली में धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी धनेश्वर यादव उर्फ धन्नू पिता मनोहर यादव उम्र 22 वर्ष सोरिद-जोधापुर वार्ड निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# धमतरी में खुलेगा 500 सीटर सैनिक स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी में 500 सीटों की क्षमता वाला सैनिक स्कूल स्थापित करने का प्रस्ताव राज्य स्तर से अनुमोदित होकर मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस को भेजा गया है। यह प्रस्ताव स्वीकृति की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण पार कर चुका है और अब केंद्रीय स्तर पर आगे की प्रक्रिया जारी है। प्रस्तावित सैनिक स्कूल के स्थापित होने पर धमतरी जिला न केवल रायपुर संभाग बल्कि पूरे प्रदेश में एक प्रमुख शैक्षणिक केंद्र के रूप में उभरेगा।

- प्रस्ताव राज्य स्तर से अनुमोदित होकर मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस भेजा गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सैनिक स्कूल रायपुर संभाग का सबसे बड़ा सैनिक स्कूल होगा, जो आधुनिक सुविधाओं एवं उच्च स्तरीय अधोसंरचना से सुसज्जित रहेगा। मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस द्वारा शीघ्र ही संभावित स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण उपरांत उपयुक्त स्थल का चयन कर आगे की औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होने की संभावना है।




सैनिक स्कूल की स्थापना से धमतरी जिले सहित आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। यहां छात्रों को अनुशासित वातावरण में शैक्षणिक, शारीरिक एवं नेतृत्व क्षमता के समग्र विकास का अवसर मिलेगा। यह संस्थान विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा जो भारतीय सशस्त्र बलों में करियर बनाने की इच्छा रखते हैं।

### एक ऐतिहासिक उपलब्धि : कलेक्टर



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी में 500 सीटर सैनिक स्कूल की स्थापना जिले के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर से प्रस्ताव स्वीकृत होकर रक्षा मंत्रालय को प्रेषित किया जाना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। जिला प्रशासन इस परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक तैयारी कर रहा है, ताकि मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

### राष्ट्र सेवा की भावना सुदृढ़ होगी

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि यह संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण एवं अनुशासित शिक्षा प्रदान करेगा, बल्कि युवाओं में राष्ट्र सेवा की भावना को भी सुदृढ़ करेगा। सैनिक स्कूल की स्थापना से धमतरी जिला शिक्षा के क्षेत्र में एक नए केंद्र के रूप में उभरेगा और यहां के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्राप्त होगा।

मोबाइल व रुपए लूटने के बाद चाकू मारा

# राजिम में रींवागहन के युवक पर चाकू से हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अपनी दीदी के घर आरंग जा रहे युवक से राजिम में चार बदमाशों ने मोबाइल व रूपये लूट लिए। इसके बाद बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिये हायर सेंटर भेजा गया है।



घायल के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम रींवागहन निवासी राहुल साहू पिता धनराज उम्र 20 वर्ष जेसीबी आपरेटर का काम करता है। युवक सोमवार की रात्रि गांव के अपने चचेरे भाई होरेन्द्र साहू के साथ उसकी मोटरसाइकिल से अपनी दीदी के घर आरंग जा रहा था। युवक राजिम के कुर्रा चौक से गुजर रहे थे। इसी दौरान चार अज्ञात युवकों ने उनकी बाइक को रोककर पैसों की जरूरत बताते हुए राहुल से फोन पे चलाते हो क्या, पूछा। राहुल के हां बोलने पर युवक ने उसके फोन पर 500 रूपये आनलाइन भेज दिया। रूपये आने के बाद राहुल ने अपनी जेब से 500 रूपये का नोट निकालकर उक्त युवक को दे दिया। इसके बाद राहुल अपने चचेरे भाई के साथ वहां से निकलने वाला था तभी बदमाशों ने बटंची चाकू दिखाते हुए उसके पास रखे रूपये व मोबाइल को निकालने के लिये कहा। चाकू के डर से राहुल ने अपनी जेब में रखे मोबाइल व 3 हजार रूपये को निकाला। बदमाशों ने झपट्टा मारकर राहुल से रूपये व मोबाइल छीन लिये। इसके बाद बाद बदमाशों ने राहुल की पीठ पर चार जगह बटंची चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर घायल कर दिया। चचेरे भाई होरेन्द्र पर भी चाकू से हमला करने का प्रयास किया गया लेकिन वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद चारों बदमाश मौके से फरार हो गए।

घायल को उपचार के लिये राजिम के अस्पताल ले जाया गया। चाकू की गंभीर चोट को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रिफर कर दिया गया। संजीवनी 108 की मदद से घायल को धमतरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चोट की गंभीरता को देखते हुए दो दिन बाद बुधवार को घायल को उपचार के लिये हायर सेन्टर रिफर कर दिया गया। संजीवनी 108 एम्बुलेंस के माध्यम से घायल को मेकाहारा अस्पताल रायपुर पहुंचाया गया। वहां घायल का उपचार जारी है।



## खबर संक्षेप

### अमाली में क्रिकेट प्रतियोगिता 5 मई से

**नगरी।** युवा शक्ति क्रिकेट क्लब अमाली द्वारा रात्रिकालीन पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 5 मई से आयोजित की जायेगी। प्रथम पुरस्कार 40,051 तथा द्वितीय पुरस्कार 20,051 रूपये दिया जायेगा। प्रवेश शुल्क 3000 रूपये है। टीम की एंट्री तभी मान्य होगी जब 50 प्रतिशत शुल्क अग्रिम रूप से जमा किया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी में महेश ध्रुव, नागेंद्र ध्रुव समेत अन्य जुटे हैं।

### श्रीराम दरबार में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 7 मई को

**नगरी।** नगर के श्रीराम नगर वार्ड क्रमांक 03 स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीराम दरबार की मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 7 मई गुरुवार को प्रातः 10 बजे होगा। यह आयोजन स्व. जगेश्वर यादव की पुण्य स्मृति में रखा गया है। 8 मई शुक्रवार को प्रातः 11 बजे हवन-पूजन होगा। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें मिथिलेश्वरी सेन द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस आयोजन में भोलाराम, सुनीता यादव, कैलाश, कांति यादव, राजू, जीना यादव, परदेशी, जानकी यादव, मनीष, राधिका यादव, किशन, रोशनी यादव जुटे हैं।

### सर्चिंग के दौरान जंगलों से की बरामद घातक आईईडी व नक्सली सामग्री



**कांकेर।** नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। घने जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों में चलाए गए संयुक्त सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और नक्सलियों के उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं। जिले में नक्सलियों के हथियार डाल दिए जाने के उपरांत उनके डंप व जखीरा को निकालने के लिए पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर सुन्दरराज पी. के मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा के निर्देशन में टीम जंगल में जा रही है, इसी के तहत 27 व 28 अप्रैल को डीआरजी, जिला पुलिस बल, बीएसएफ और बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) की संयुक्त टीम ने आमाबेड़ा, कोरर और ताड़ोकी थाना क्षेत्रों के अंतर्गत ग्राम बड़ेधौसा, मानकोट, उपरकोटगांव और जिवलामारी के जंगल-पहाड़ी इलाकों में सघन सर्चिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने जंगल क्षेत्र से 07 नग 5-5 किलो के प्रेशर कुकर आईईडी, 02 पाइप बम, 01 कोडेक्स वायर, 03 बंडल वर्दी कपड़ा और 07 बंडल इलेक्ट्रिक वायर सहित अन्य नक्सली सामग्री बरामद किया। बीडीएस टीम ने मौके पर ही सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सभी विस्फोटकों को सावधानीपूर्वक डिफ्यूज कर नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर साव, डीआरजी कमांडर बलराम उसेंडी और चंद्रशेखर ठाकुर सहित डीआरजी, जिला पुलिस बल और बीएसएफ के जवान शामिल रहे।

### स्ट्रीट फूड वेंडर व फल दुकानों की जांच कर दी गई हिदायत

**कांकेर।** जिले में आम लोगों को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने सघन जांच और जागरूकता अभियान शुरू किया है। "सही दवा, शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार" थीम पर चल रहे इस अभियान में बाजारों, चौक-चौराहों और खाद्य प्रतिष्ठानों पर लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देश पर विभागीय टीमों ने फल दुकानों, स्ट्रीट फूड वेंडरों, गुपचुप और चाट ठेलों की जांच किया। अभियान में जिले को कार्बाइड मुक्त बनाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने फल विक्रेताओं को स्पष्ट किया कि कैल्शियम कार्बाइड जैसे रसायनों से पकाए गए फल स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हैं।

# लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें, विलंब पर जिम्मेदारी तय होगी : मिश्रा

## कलेक्टर ने राजस्व कार्यों में पारदर्शिता और गति पर दिया जोर, अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में मूक बाधितार्थ कन्या विद्यालय में जिले के सभी विकासखंडों के अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों की बैठक आयोजित कर राजस्व कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग आम जनता से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए इसकी कार्यप्रणाली में गति, पारदर्शिता और संवेदनशीलता अनिवार्य है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा अनावश्यक विलंब पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर जमीनी हकीकत का आकलन करने और कार्यों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहरी, एसडीएम धमतरी पीयूष तिवारी, एसडीएम कुरूद नभसिंह कोसले, उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, भू-अभिलेख शाखा के दीपचंद भारती सहित जिले के सभी तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित थे।





### अतिक्रमण हटाने विशेष अभियान चलेगा

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार की शासकीय भूमि, घास भूमि, वन भूमि या अन्य महत्वपूर्ण भूमि पर अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा कोटवारी भूमि की खरीदी-बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। पटवारियों को बड़े भूखंडों की विस्तृत जानकारी तैयार कर कैफियत में दर्ज करने के लिए कहा गया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

# भाजपाइयों ने विपक्षी पार्टियों का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत सिर्री के बाजार चौक में भाजपा सिर्री मंडल के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस व टीएमसी, सपा जैसी विपक्षी पार्टियों का पुतला दहन किया।

इस दौरान भाजपाइयों ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा सदन में देश की महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक लाया गया था। इससे 33 प्रतिशत आरक्षण देश की आधी आबादी को मिलने वाली थी। इस विधेयक को विपक्ष द्वारा पास होने नहीं दिया गया। इसके विरोध में भाजपा महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के नेतृत्व में सिर्री मंडल के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की और विपक्षी पार्टियों का पुतला दहन किया। इस बीच कार्यकर्ताओं की पुलिस से झूमाझटकी भी हुई।

मौके पर धनेश बंजारे अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, गौरव भोसले महामंत्री, राकेश साहू, गौरव निर्मलकर युवा मोर्चा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, मोर्चा अध्यक्ष योगेश साहू, गोपी साहू किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, नीलिमा ध्रुव महिला मोर्चा अध्यक्ष, कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिपं धमतरी, ललिता भतपहरी जनपद सदस्य, सागर साहू मंत्री भाजयुमो सिर्री मंडल, पूरण लाल घृतलहरे सरपंच अछोटी, टेकराम साहू जनपद सदस्य सिवनीकला, जयमित्र साहू सरपंच गोजी, दुर्गा साहू, वीणा रोहित साहू सरपंच मौरीकला, ताराबाई साहू, मनीबाई साहू, रति बंजारे, योगेश्वरी साहू, धनी निर्मलकर, वंदना ध्रुव, योगिता तारक, भारती, कामेश बंजारे, देशान्त सिन्हा सरपंच सहित अन्य भाजपाई कार्यकर्ता शामिल हुए।







### राजनीति में महिलाओं की भागीदारी

प्रभारी पुष्पेंद्र साहू ने कहा कि यह कानून लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह दूरगामी सोच थी। गौकरण साहू ने कहा कि इस अधिनियम में परिसीमन की सीमाओं को बढ़ाने के लिए प्रस्ताव रखा गया था जिससे देश की महिलाएं राजनीतिक रूप से सशक्त होती।

### खामियाजा भुगतेगा विपक्ष

लोकेश साहू भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष, थानेश्वर तारक महामंत्री, गौरव भोसले महामंत्री ने कहा कि कांग्रेस व टीएमसी, सपा की घृणित मानसिकता के कारण यह महत्वपूर्ण विधेयक संसद में पारित नहीं हो सका जिसका खामियाजा पूरे विपक्ष को भुगतना पड़ेगा।

# ग्राम बंजरखार कमारडेरा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

- सहबती कमार ने बोर खनन, सोलर पंप और सड़क निर्माण की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

ग्राम पंचायत सियादेही के आश्रित ग्राम बंजरखार कमारडेरा, जिसे चंदा डेरा के नाम से भी जाना जाता है, आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। यह बस्ती गांव से लगभग दो किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित है और तीनों ओर से घने जंगलों से घिरी हुई है। यहां लगभग 10 घरों में करीब 70 लोग निवास करते हैं, लेकिन सुविधाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।



ग्रामीणों के अनुसार, नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन तो बिछाई गई है, लेकिन बिजली बंद होते ही पानी की आपूर्ति ठप हो जाती है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आसपास नदी-नाला नहीं होने के कारण पानी की समस्या और गंभीर हो जाती है। साथ ही, जंगल से घिरे होने के कारण जंगली जानवरों का खतरा भी हमेशा बना रहता है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीण बाबूलाल, कन्हैयालाल, नरेश, रामसिंह, तिहारू, दूलचंद, दौलत राम, कोप सिंह, गयाबाई, चुलेश्वरी, कामिनी, जमुना बाई, गेंदु राम और हेमलाल सहित अन्य लोगों ने सहबती कमार की मांगों का समर्थन किया है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत सियादेही के सचिव ने बताया कि बंजर खार कमारडेरा का सर्वेक्षण किया जा चुका है और आवश्यक कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर ग्राम सभा की स्वीकृति के बाद शासन-प्रशासन को भेजा जाएगा

### मिनी आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की आवश्यकता

गांव की जागरूक महिला सहबती कमार ने बताया कि पहले भी सियादेही से कमार बस्ती तक सड़क निर्माण की मांग की गई थी, लेकिन आज तक कोई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने बोर खनन और सोलर पंप लगाने की तत्काल आवश्यकता जताई। साथ ही, गांव में लगभग 17 छोटे बच्चों के लिए मिनी आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की भी मांग की गई है। बैठने के लिए सामुदायिक मंच की कमी भी ग्रामीणों को खल रही है।

# शंकरदाह स्कूल में प्रार्थना शेड निर्माण का भूमिपूजन

- शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने शासकीय माध्यमिक शाला शंकरदाह में प्रार्थना शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि हम शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों को एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और प्रेरणादायक वातावरण मिल सके। प्रार्थना शेड का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्तमान में विद्यार्थी खुले मैदान में प्रार्थना करते हैं, जिससे उन्हें धूप, बारिश एवं अन्य प्राकृतिक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। प्रार्थना शेड बनने के बाद विद्यार्थियों को इन समस्याओं से राहत मिलेगी और वे नियमित रूप से अनुशासित ढंग से प्रार्थना एवं अन्य सामूहिक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलेन्द्र ध्रुव ने कहा कि प्रार्थना शेड निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और यह कार्य ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। सरपंच रश्मि गौतम ने कहा कि यह निर्माण कार्य ग्राम शंकरदाह के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। मौके पर गौतम वाधवानी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर, विनोद डिंडोलकर उपसरपंच, रामलाल ध्रुव, उमेश साहू, गोपेश साहू, उदयराम साहू, नंदकुमार नेताम, महेश लहरे, मीना ध्रुव, नागेश्वरी ध्रुव, कुंती ध्रुव, केसरी बाई साहू, बिमला साहू, गीता बाई साहू, अनीता बेर, फूलेश्वरी बंजारे, अश्वनी सिन्हा, रेवती बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण



# विकास कार्यों से बदलेगी अंवरी की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम अंवरी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। सरपंच हितेंद्र नाथ मंडल ने बताया कि नवीन प्राथमिक शाला में शौचालय निर्माण 1 लाख 84 हजार रूपये, नाली निर्माण परस पटेला घर के पास 1 लाख 60 हजार रूपये, 2 नग कूड़ादान निर्माण 51 हजार रूपये, पानी टंकी निर्माण कार्य 1 लाख 10 हजार रूपये, जिला पंचायत मद से शिशु मंदिर के पास रंगमंच एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण 6 लाख रूपये, विधायक निधि से बाजार चौक में रंगमंच निर्माण 6 लाख रूपये का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सचिव महेश कुमार कुर्रे, उपसरपंच सोमनाथ निर्मलकर, पंचगण नीरा जांगड़े, जानकी बाई डहरिया, द्रौपदी, टीकमचंद गायकवाड़, कुलेश्वरी, सहदेव मारकंडे, ईश्वरी बाई, भगवती ध्रुव, चन्द्रकला साहू, भेखूराम साहू भृत्य, मुकेश कुमार निर्मलकर आपरेटर, परस पटेला, नंद पटेला, राजू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# डॉ. अश्वनी कुमार नगरी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य बने

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी की प्राचार्य डॉ.मनदीप खालसा का स्थानांतरण शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी हुआ है। जिसके बाद डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार देवांगन, प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, प्रो.लोकेश्वरी राठिया, प्रो.कौशल नायक, डॉ.कविता, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, सीता नेताम, नेहा राजन, डॉ.अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, डॉ.खेमचंद, भूषण कुमार साहू, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, प्रियंका सिंह, श्रीमती ललिता कोकिला, डिलेश्वरी पटेल, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन ने हर्ष जताया है।




# सांकरा स्कूल में 9वीं एवं 11वीं का रिजल्ट घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा में कक्षा 9 वीं एवं 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नवमी की दर्ज संख्या 192 एवं कक्षा ग्यारहवीं की दर्ज संख्या 193 थी। नवमी का परिणाम 50.86 प्रतिशत तथा ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम 79.14 प्रतिशत रहा। नवमी में दिव्यांशी एवं त्रिनिधि पटेल 83 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय चंचल साहू 81.50 प्रतिशत तथा सुधीर कुमार 79 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। ग्यारहवीं में तारिणी मोजेवर 88.20 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम रही। केसर 86.40 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं दामिनी मत्स्यपाल 85.40 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय रही। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।





कार्यक्रम में जन्मेजय साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, राजेश गोसाई जनपद सभापति सांकरा, हरीश साहू उप सरपंच, अनिभा अग्रवाल प्राचार्य एवं पालकों ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## वार्डों में चौपाल लगाकर सुनी जा रहीं जनसमस्याएं

# कोसमर्रा को 'आत्मनिर्भर' बनाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत कोसमर्रा को एक आदर्श और आत्मनिर्भर पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। सरपंच डॉ. कुलेश्वर साहू की अध्यक्षता में एक विशेष समिति का गठन किया गया है, जो गांव के प्रत्येक वार्ड में जाकर चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों को सुन रही है। मौके पर उपसरपंच हेमलाल चौरे, पंचायत सचिव राधाकृष्णन, ग्रामीण अध्यक्ष रामप्रसाद कंवर, महिला समूह से ललिता साहू, पंचायत ऑपरेटर हितेंद्र ध्रुव समेत अनेक गणमान्य नागरिकों मौजूद थे।

विगत कुछ दिनों से चल रहे इस अभियान में ग्रामीण खुलकर अपनी बात रख रहे हैं और विकास कार्यों के लिए सुझाव दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन का स्वयं उनके द्वार तक आना विकास की दिशा में एक बहुत ही सकारात्मक और अच्छी पहल है। चौपाल में प्राप्त सुझावों के आधार पर गांव के विकास की आगामी कार्ययोजना तैयार की जा रही है।



### इन गंभीर मुद्दों पर हो रही विशेष चर्चा

गांव को व्यसनमुक्त बनाने के लिए कड़े कदम उठाना। आधुनिक संसाधनों के माध्यम से बच्चों को डिजिटल युग के लिए तैयार करना। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए गांव के मुख्य चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना। स्वच्छता अभियान को गति देना और कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच अनुशासन और नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देना। पर्यावरण संरक्षण और हरियर कोसमर्रा का संकल्प। चौपाल में इस बार पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है।


### मांगलिक कार्य या जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं

सरपंच डॉ. कुलेश्वर साहू ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता तभी संभव है जब हमारा पर्यावरण सुरक्षित हो। इसके तहत प्रत्येक वार्ड में पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे प्रत्येक मांगलिक कार्य या जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लें। जल संरक्षण के लिए पुराने तालाबों की सफाई और सोखता गड्ढों के निर्माण पर भी जोर दिया जा रहा है। हमारा लक्ष्य कोसमर्रा को केवल एक गांव नहीं, बल्कि एक सुरक्षित, शिक्षित और हरियाली युक्त स्मार्ट पंचायत बनाना है। ग्रामीणों की सहभागिता से ही आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प पूरा होगा।

# मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलने से सांकरा के ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत चिवरी के आश्रित ग्राम सांकरा में मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। यह गांव तहसील से 25 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां की आबादी लगभग 2000 है। इस डिजिटल युग में जहां एक ओर 5 जी नेटवर्क का चलन है वहीं दूसरी ओर इस गांव में लोगों को एक दूसरे से संपर्क करने के लिए भी नेटवर्क नहीं मिल पा रहा है। जब स्वास्थ्य संबंधी समस्या आती है तो लोगों की और दिक्कतें बढ़ जाती हैं। लोग तीन किलोमीटर जाकर 108 एंबुलेंस के लिए संपर्क करते हैं। आनलाइन कक्षाएं बच्चों के लिए आवश्यक हैं लेकिन नेटवर्क नहीं मिलने से बच्चे डिजिटल शिक्षा में भी पिछड़ रहे हैं।



ग्राम पंचायत कुम्हड़ा से दो किलोमीटर की दूरी पर टॉवर जरूर लगा है लेकिन प्रशासन विभाग को देखने की फुर्सत नहीं है। कई बार शिकायत हो चुकी है पर आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ।

## निगम प्रशासन ने शुरू की संबंधित स्थानों पर नए नामों के बोर्ड लगाने की तैयारी

# साहित्यकारों के नाम पर सड़कों का नामकरण से धमतरी की सांस्कृतिक पहचान होगी और सशक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम की सामान्य सभा में शहर की प्रमुख सड़कों, चौकों और सार्वजनिक स्थलों का नाम महान साहित्यकारों, कवियों एवं संत-महात्माओं के नाम पर रखने का ऐतिहासिक निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया है। इस पहल को शहर की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस निर्णय के बाद शहरवासियों, साहित्य प्रेमियों और सामाजिक संगठनों में उत्साह का माहौल है। निगम प्रशासन द्वारा शीघ्र ही संबंधित स्थानों पर नए नामों के बोर्ड लगाए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

हिंदी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह केवल नामकरण नहीं, बल्कि समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जिन साहित्यकारों और संतों ने अपने विचारों और कृतियों से समाज को दिशा दी, उनके नाम पर सड़कों का नामकरण नई पीढ़ी को प्रेरणा देगा और साहित्य के प्रति सम्मान की भावना विकसित करेगा। वरिष्ठ सदस्य सरिता दोशी, कामिनी कौशिक और चंद्रशेखर शर्मा ने भी इस निर्णय को धमतरी के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए निगम प्रशासन की सराहना की।

इसी प्रकार सिहावा रोड से हरफतराई जाने वाले मार्ग को श्री श्याम विहार कॉलोनी मार्ग नाम दिया गया है। श्याम विहार को एक संवेदनशील कवि के रूप में जाना जाता है, जिनकी कविताओं में प्रेम, प्रकृति और मानवीय भावनाओं की गहराई देखने को मिलती है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के निवास के पास स्थित सड़क को स्व.भगवती सेन मार्ग नामित किया गया है। भगवती सेन हिंदी के लोकप्रिय कवि थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक मुद्दों और ग्रामीण जीवन को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

सिहावा रोड से आईडीबीआई बैंक और तूफान चौक होते हुए जाने वाले मार्ग को संत बाबा घासीदास मार्ग नाम दिया गया है। बाबा घासीदास छत्तीसगढ़ के महान संत और समाज सुधारक थे, जिन्होंने सत्य, अहिंसा और समानता का संदेश दिया तथा जात-पात के भेदभाव के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया। इसी क्रम में चमेली चौक का नाम बदलकर स्व. मैथिलीशरण गुप्त चौक रखा गया है। मैथिलीशरण गुप्त हिंदी के राष्ट्रीय कवि माने जाते हैं, जिन्होंने अपनी प्रसिद्ध कृति साकेत सहित अनेक रचनाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति और इतिहास को नई पहचान दी।

चर्च के पास स्थित पुराना ओम शांति मार्ग (पीटर कॉलोनी, टिकरापारा) को स्व. नारायण लाल परमार मार्ग नाम दिया गया है। नारायण लाल परमार छत्तीसगढ़ के प्रमुख साहित्यकार और लोक संस्कृति के संवाहक रहे हैं, जिन्होंने क्षेत्रीय परंपराओं और लोकजीवन को अपने साहित्य में स्थान दिया। इसके अलावा प्रस्तावित 500 सीटर नालंदा परिसर का नाम प्रख्यात कवि स्व. सुरजीत नवदीप ग्रंथालय नालंदा परिसर रखा जाएगा। सुरजीत नवदीप समकालीन हिंदी साहित्य के ऐसे कवि थे, जिनकी रचनाओं में आधुनिक समाज, युवा सोच और संवेदनशील मुद्दों का सशक्त चित्रण मिलता है।

### आने वाली पीढ़ियां उनके आदर्शों से परिचित होंगी

प्रस्ताव के अनुसार रत्नाबांधा चौक (छत्रपति शिवाजी चौक) से मठ मंदिर मार्ग तक की सड़क को स्व. मुकीम भारती मार्ग नाम दिया गया है। मुकीम भारती छत्तीसगढ़ के प्रख्यात कवि एवं समाजसेवी थे, जिनकी रचनाओं में सामाजिक समरसता, देशभक्ति और लोकजीवन की झलक मिलती है। अंबेडकर चौक के पास स्थित सोरिद नगर मार्ग को अब स्व. त्रिभुवन पांडेय मार्ग कहा जाएगा। त्रिभुवन पांडे हिंदी साहित्य के ऐसे कवि थे, जिनकी रचनाओं में संस्कृति, परंपरा और नैतिक मूल्यों का सशक्त चित्रण मिलता है।

### विभूतियों की स्मृतियों को जीवित रखने का प्रयास : रोहरा

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह



पहल केवल नाम बदलने तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने और महान विभूतियों की स्मृतियों को जीवित रखने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे निर्णय लिए जाएंगे, जिससे धमतरी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया जा सके।

# बांधा तालाब क्षेत्र में डेढ़ करोड़ की लागत से बना गार्डन बदहाल

- बच्चों के खेलने के लिए लगाए झूले और खेल उपकरण खराब
- झूलों के बीच कांटेदार झाड़ियां, बच्चों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





नगर पंचायत नगरी द्वारा बांधा तालाब क्षेत्र में 1 करोड़ 54 लाख रुपए की लागत से विकसित किए गए गार्डन की वर्तमान स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। बच्चों के खेलने के लिए झूले और खेल उपकरण लगाए गए हैं, लेकिन देखरेख के अभाव में पूरा परिसर अव्यवस्थित नजर आ रहा है।

गार्डन में लगे झूलों के चारों ओर घनी कांटेदार झाड़ियां और घास उग आई हैं, जिससे यहां छोटे-छोटे बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना हुआ है। बच्चे बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के इन झूलों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे कभी भी दुर्घटना होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गार्डन के निर्माण में भारी राशि खर्च की गई, लेकिन उसके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नियमित साफ-सफाई और झाड़ियों की कटाई नहीं होने के कारण यह स्थान धीरे-धीरे उपेक्षा का शिकार होता जा रहा है।

### स्ट्रीट लाइट बंद सांप-बिच्छू का डर

मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों ने बताया कि तालाब किनारे बड़ी-बड़ी स्ट्रीट लाइट लगी हुई है लेकिन कई दिनों से बंद है। रात्रि में सांप, बिच्छू का डर बना रहता है । तालाब किनारे बनी सीसी रोड में भी कई जगह दरार आ चुकी है। नगरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गार्डन की साफ-सफाई कराई जाए, झूलों के आसपास की कांटेदार झाड़ियों को हटाया जाए और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिलेगा

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि पिछले वर्ष रोड निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। आने वाले समय में झूलों के आसपास चेकर टाइल्स भी लगाई जाएगी, जिससे बच्चों और नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इस विकास कार्य से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी तथा लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा।

# तहसील कोर्ट परिसर में प्याऊ शुरू गर्मी में लोगों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भीषण गर्मी के बीच तहसील न्यायालय आने वाले ग्रामीणों और आम नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से जिला अधिवक्ता संघ, धमतरी द्वारा सराहनीय पहल की गई है। सोमवार सुबह लगभग 10:30 बजे तहसील कोर्ट परिसर में प्याऊ का शुभारंभ किया गया, जहां अब लोगों को निःशुल्क ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में दूर-दराज के गांवों से लोग न्याय की उम्मीद लेकर तहसील कोर्ट पहुंचते हैं। गर्मी के मौसम में उन्हें पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए संघ ने यह निर्णय लिया कि परिसर में प्याऊ की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को तत्काल राहत मिल सके। संघ के अनुसार यह पहल केवल पानी उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक दायित्व और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा प्रयास है। अधिवक्ता संघ ने इस कार्य को सेवा भावना से प्रेरित बताते हुए कहा कि आगे भी इस प्रकार की जनहितकारी गतिविधियां जारी रहेंगी। प्याऊ शुभारंभ के अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नीरज तिवारी, उपाध्यक्ष सचिन जाचक, महिला उपाध्यक्ष जानकी तिवारी, सचिव भीखम सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष कीर्ति शाह, पूर्व अध्यक्ष प्रवीण साहू सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं संघ के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को सराहा और इसे गर्मी में लोगों के लिए राहतभरा कदम बताया। अधिवक्ता संघ ने अधिक से अधिक सदस्यों से इस तरह के सामाजिक कार्यों में सहभागिता निभाने की अपील भी की है। न्यायालय आने वाले नागरिकों ने भी इस व्यवस्था को उपयोगी बताते हुए संघ के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### कचरा फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

# बस स्टैंड के पीछे किए गए डंप कचरे की सफाई

**धमतरी**। शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार प्रभावी और जनहितकारी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बस स्टैंड के पीछे लंबे समय से जमा कचरे के डंप को लेकर सामने आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। निगम की सफाई टीम ने मौके पर पहुंचकर व्यापक सफाई अभियान चलाया और वहां जमा कचरे को पूरी तरह हटाकर क्षेत्र को



स्वच्छ बनाया।

काफी समय से यह स्थान कचरा फेंकने का अनौपचारिक स्थल बन गया था, जिससे आसपास रहने वाले लोगों और व्यापारियों को बदबू, गंदगी और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। निगम की इस कार्रवाई से न केवल क्षेत्र में स्वच्छता का वातावरण स्थापित हुआ है, बल्कि आम नागरिकों को भी बड़ी राहत मिली है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए निगम से ऐसी नियमित कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

सफाई कार्य के साथ-साथ नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्षेत्र में जागरूकता अभियान भी चलाया। उन्होंने आसपास के रहवासियों, दुकानदारों और आम नागरिकों को समझाइश दी कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डालें और कचरे का उचित निस्तारण निर्धारित स्थानों पर ही करें। निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि कोई व्यक्ति यहां या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### परसट्टी में टिन शेड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**मगरलोड**। ग्राम पंचायत परसट्टी में टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। मौके पर श्रीमती अनीता देशमुख जनपद सदस्य मगरलोड, कुसुमलता साहू, तोमन लाल साहू, संतराम साहू, तोषण साहू, सुभाष देशमुख, पुनाराम साहू, नीलकंठ साहू, भुनेश्वर साहू, गौतम साहू, परमेश्वर साहू, लुकेश्वर साहू, घनश्याम साहू, देवानंद साहू, समेत अनेक ग्रामवासी मौजूद थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






## खबर संक्षेप



### चालक की लापरवाही से पलटा वाहन

**कांकेर।** नरहरपुर से कांकेर मार्ग पर चंवाड़ के पास 29 अप्रैल को एक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें लापरवाह चालक की वजह से वाहन पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज गति में था और मोड़ पर चालक संतुलन खो बैठा, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के समय वाहन में केवल चालक ही सवार था। गनीमत रही कि चालक इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गया और उसे गंभीर चोट नहीं आई।

### बुर्जुग ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत आँखीहर्रा निवासी 80 वर्षीय घस्सूराम पिता जड़े सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि आत्महत्या के पीछे का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आ सका है। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### जाँच के बाद दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच के बाद अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार 26 जनवरी 2026 को श्रवण तारम और मोतीराम जुर्री स्कूटी से मेला देखने चारामा गए थे। शाम करीब 5 बजे एनएच 30 स्थित धम्म विहार के पास एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान मोतीराम जुर्री को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 6 फरवरी 2026 को उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने गवाहों के बयान, पीएम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत मुल्ले निवासी 14 वर्षीय बालिका योगेश्वरी पोटाई पिता रमेश पोटाई को किसी अज्ञात कारण से स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर परिजनों द्वारा इलाज के लिए कांकेर जिला अस्पताल ले जाया गया था। चिकित्सकों की देखरेख में उसका उपचार जारी था, लेकिन उपचार के दौरान ही उसकी हालत बिगड़ती चली गई और अंततः उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार और गांव में शोक की लहर फैल गई है। परिजन बालिका की अचानक मौत से स्तब्ध हैं।

# नगर निगम क्षेत्र में ड्रोन सर्वे के आधार पर बदलेगा टैक्स सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में संपत्ति कर व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब नगर निगम द्वारा ड्रोन सर्वे से तैयार किए गए डेटा के आधार पर नए सिरे से संपत्ति कर वसूली की जाएगी। खासतौर पर वे परिवार, जो पहले कच्ची झोपड़ियों में रहते थे और अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकानों में आ चुके हैं, उन्हें भी टैक्स के दायरे में शामिल किया जाएगा।

नगर निगम ने शहर के करीब 40 वार्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 3 हजार से अधिक मकानों का निर्माण पूरा कर लिया है। पहले इन आवासों पर केवल 300 रुपए समेकित कर लिया जाता था, लेकिन अब नई व्यवस्था के तहत संपत्ति कर और 1 प्रतिशत शिक्षा उपकर जोड़कर यह राशि बढ़ाकर 600 से 700 रुपए तक कर दी जाएगी।

निगम की टीम ने मकानों की नाप-जोख कर रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें यह सामने आया है कि लगभग 60 प्रतिशत मकानों का निर्माण स्वीकृत क्षेत्रफल से अधिक किया गया है। ऐसे मामलों में अतिरिक्त क्षेत्र के आधार पर संपत्ति कर वसूला जाएगा।

नगर निगम के राजस्व रिकॉर्ड के मुताबिक वर्तमान में शहर में लगभग 18 हजार संपत्ति करदाता हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद इसकी संख्या और बढ़ने की संभावना है, जिससे निगम के राजस्व में भी इजाफा होगा।

## पक्के मकानों पर बढ़ेगा संपत्ति कर

### ड्रोन सर्वे से तैयार हुआ पूरा रिकॉर्ड

पिछले वर्ष शहर में ड्रोन कैमरों के जरिए व्यापक सर्वे किया गया था। इस सर्वे में हर मकान, गली, सार्वजनिक भवन और परिसरों का डिजिटल मानचित्र तैयार किया गया। इसके बाद एजेंसी के प्रतिनिधियों ने घर-घर जाकर इस डेटा का सत्यापन भी किया। अब इसी प्रमाणिक डेटा के आधार पर कर निर्धारण किया जा रहा है।




### नए टैक्स स्लैब से बढ़ेगा निगम का राजस्व

रायपुर से जारी नए टैक्स स्लैब के अनुसार समेकित कर और संपत्ति कर की दरों में आंशिक वृद्धि की गई है। डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास यूनिट द्वारा किए गए माप के आधार पर ही अब कर की गणना की जाएगी।

## 102 करोड़ की लागत से दो प्रमुख मार्गों का निर्माण जारी

# शहर में फोरलेन सड़कों के विस्तार से यातायात व्यवस्था को मिलेगा नया रूप




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए रत्नाबांधा से मुजगहन और सिहावा रोड तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 102 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जिससे शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन अधिक सुगम होगा।

जानकारी के अनुसार रत्नाबांधा से मुजगहन तक 4.4 किलोमीटर लंबी सड़क 44 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की जा रही है। वहीं सिहावा रोड से महानदी पुल तक 5 किलोमीटर फोरलेन सड़क 58 करोड़ रुपये में बन रही है। इन दोनों मार्गों के पूर्ण होने से शहर का यातायात नेटवर्क मजबूत होगा।

अंबेडकर चौक से रुद्री रोड तक फोरलेन निर्माण को लेकर भी इसी माह स्वीकृति मिलने की संभावना है। इससे शहर के चारों दिशाओं में यातायात का दबाव कम होगा।



### दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद

अधिकारियों का मानना है कि फोरलेन सड़कों के निर्माण से सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 60 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकेगी। प्रशासन का कहना है कि परियोजना पूरी होने के बाद शहर के विकास को नई गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### पेड़ों की कटाई के बदले होगा व्यापक पौधारोपण

सड़क चौड़ीकरण के चलते रत्नाबांधा रोड पर 583 और सिहावा रोड पर 373 पेड़, कुल 956 पेड़ों की कटाई की जाएगी। इसके बदले वन विभाग द्वारा दस गुना अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने 1.84 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की है।

### बिजली पोल शिफ्टिंग पर होंगे करोड़ों खर्च

निर्माण कार्य के दौरान लगभग 500 बिजली पोल और 480 से अधिक खंभों को हटाकर अन्य स्थानों पर स्थापित किया जाएगा। इस कार्य पर करीब साढ़े चार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। साथ ही सड़कों की चौड़ाई 21 मीटर रखी गई है, जिससे यातायात सुगम होगा।

### केबल पाइपलाइन और स्ट्रीट लाइट की नई व्यवस्था

परियोजना की विशेषता यह है कि पहली बार केबल बिछाने के लिए अलग पाइपलाइन डाली जा रही है, जिससे भविष्य में सड़क को बार-बार खोदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड तक फोरलेन सड़क और स्ट्रीट लाइट की सुविधा भी विकसित की जाएगी।

## दसवीं में छात्राओं का दबदबा

# 93.8% के साथ गीतांजलि प्रथम

जोरातराई हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



गीतांजलि चुनेश्वरी रुद्र कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल जोरातराई (सि) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगभग शत-प्रतिशत सफलता दर्ज की है। इस वर्ष विद्यार्थियों ने बेहतर अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है, जिसमें खास तौर पर छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। परीक्षा में शामिल सभी 7 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं, जो विद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। वहीं छात्रों में भी अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला, जहां 9 में से 8 छात्र सफल रहे। इनमें 6 प्रथम श्रेणी और 2 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। प्रावीण्य सूची में गीतांजलि ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि चुनेश्वरी 93 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। रुद्र ने 90.5 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा रेवेन्द्र (84.1 प्रतिशत), त्रिलोचन (82.83 प्रतिशत) और गीतेश्वरी (80.5 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कुल 16 परीक्षार्थियों में से 15 विद्यार्थी सफल रहे, जिनमें 13 प्रथम श्रेणी और 2 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। एक छात्र स्वास्थ्यगत कारणों से अंग्रेजी, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में शामिल नहीं हो सका, जिसके कारण वह अनुतीर्ण रहा। बेहतर परिणाम से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। स्कूल प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# 12 वर्षों का संकल्प पूर्ण : धमतरी में होगा लक्ष्यार्चन का आयोजन

- 1 मई को शांति वाटिका में जुटेंगे श्रद्धालु, 1100 लोग करेंगे सामूहिक अर्चन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सिहावा रोड स्थित शांति वाटिका में 1 मई को एक भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा, जहां संत शिरोमणि श्री रावतपुरा सरकार के सानिध्य में राजराजेश्वरी लक्ष्यार्चन संपन्न होगा। यह आयोजन शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा, जिसकी तैयारी में श्री रावतपुरा सरकार भक्त मंडल के सदस्य जुटे हुए हैं।

भक्त मंडल के सदस्य दिनेश राठी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि गुरुदेव श्री रावतपुरा सरकार ने करीब 12 वर्ष पूर्व धमतरी में 12 करोड़ लक्ष्यार्चन का संकल्प लिया था। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों में लक्ष्यार्चन आयोजित किए गए और अब यह संकल्प पूर्ण होने जा रहा है। इस आयोजन में दिनेश राठी, भावना राठी, आनंद भल्ला, हेतल संघवी, नरेन्द्र गोलछा, गंगा प्रसाद, भीखम नाहर सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



### पूजन सामग्री की व्यवस्था समिति करेगी

आयोजकों के अनुसार लक्ष्यार्चन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूजन सामग्री की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा जैसे कुरता-धोती में शामिल हो सकते हैं। आयोजन स्थल पर धोती की व्यवस्था भी की जाएगी।

### आध्यात्मिक अनुभव का माध्यम

दिनेश राठी ने बताया कि यह आयोजन आत्मिक शांति और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त करने का माध्यम है। इसमें किसी प्रकार का चमत्कार नहीं, बल्कि श्रद्धा और भक्ति से ही अनुभूति प्राप्त होती है। आयोजन के पश्चात प्रसादी वितरण भी किया जाएगा।

### विधि-विधान से होगा पूजन और मंत्रोच्चार

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 1100 श्रद्धालु एक साथ बैठकर अर्चन करेंगे। आयोजन में गौरी-गणेश एवं नवग्रह पूजन के साथ मंत्रोच्चार किया जाएगा। माता राजराजेश्वरी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा तथा भोग में विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, नमकीन, फल-फूल, पान एवं नारियल अर्पित किए जाएंगे।

# भाजपा गंगरेल मंडल ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

- लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर भाजपा गंगरेल मंडल द्वारा रुद्री चौक में कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं पुलिसकर्मियों के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई।

गंगरेल मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष विशेषकर कांग्रेस पार्टी महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के मुद्दे पर केवल राजनीति करती रही है। संसद में इस महत्वपूर्ण बिल का विरोध करना यह दर्शाता है कि कांग्रेस की सोच महिलाओं के विकास के प्रति सकारात्मक नहीं है।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनीता यादव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की करोड़ों महिलाओं के सपनों को साकार करने वाला कानून है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का इस बिल का विरोध करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ भी है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, जबकि आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को अधिकार देने का कार्य हो रहा है, तब उसका विरोध किया जा रहा है।

कार्यक्रम में किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिग्विजय सिंह कृदत्त, पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश यादव, मंडल महामंत्री हेमंत साहू, उपाध्यक्ष मुकेश यादव, मीना यादव, नरेश साहू, राजीव सिन्हा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा, जागेंद्र साहू, धर्मराज सिन्हा, हुमन यादव, कचरूराम नेताम, सुशांत राव कानपिल्लेवार, पूजा कुंजाम, पवित्रा दीवान समेत अन्य मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री से मिले केमिस्ट संघ के पदाधिकारी, समस्याओं पर चर्चा

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश साहू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की। इस दौरान केमिस्टों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई।

राजेश साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में लगभग 20 हजार केमिस्ट कार्यरत हैं, जिनसे सीधे तौर पर करीब एक लाख से अधिक लोगों का जीवनयापन जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा औषधि विभाग के साथ दुकानों में जांच के लिए जाने से केमिस्टों की छवि प्रभावित होती है, जबकि वे खाद्य एवं औषधि विभाग को जांच में पूरा सहयोग देते हैं।



इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि केमिस्ट दुकानों में जांच के लिए केवल संबंधित विभाग ही जाएंगे, पुलिस की अनावश्यक मौजूदगी नहीं होगी। साथ ही ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री, विशेषकर बिना पर्ची के नशीली दवाओं की हो रही आपूर्ति पर रोक लगाने की मांग भी रखी गई।

संघ ने 20 मई को प्रस्तावित भारत बंद की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश शर्मा, सचिव अविनाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन पालीवाल, संगठन सचिव सुरेश शर्मा, सह सचिव अजय अग्रवाल एवं पीआरओ अरुण मिश्रा उपस्थित थे।

# पीएमडीएस से किसानों की आय में होगी वृद्धि

**नगरी।** ब्लॉक के ग्राम बनगांव में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती पद्धति से जोड़ने के उद्देश्य से पीएमडीएस (प्री मानसून ड्राई सोइंग) अभियान चलाया जा रहा है। इसे प्रदान संस्था के सहयोग से संचालित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना और खेती को अधिक टिकाऊ बनाना है। अभियान के तहत किसानों को मानसून से पहले ही सूखी बुवाई (ड्राई सोइंग) करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस तकनीक के माध्यम से किसान समय से पहले फसल तैयार कर सकते हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव हो पाता है। इस अभियान के माध्यम से किसानों को यह भी बताया जा रहा है कि कम लागत में अधिक उत्पादन कैसे लिया जा सकता है।

### डोंगरगुड़ा स्कूल का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित

**नगरी।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोंगरगुड़ा का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू की उपस्थिति में घोषित किया गया। प्राचार्य एम.एस. जयसिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# स्मार्ट मीटर लागू करने से पहले मीटर रीडरों के भविष्य की सुरक्षा जरूरी : ओंकार



**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने राज्य में स्मार्ट मीटर (प्रीपेड सिस्टम) लागू करने से पहले मीटर रीडर श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना लागू होने से पारंपरिक मीटर रीडिंग कार्य धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगा, जिससे लगभग 5000 मीटर रीडर श्रमिकों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है।

विधायक श्री साहू ने कहा कि मीटर रीडर वर्षों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं, ऐसे में उनके भविष्य को नजरअंदाज करना न्यायोचित नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि स्मार्ट मीटर योजना लागू करने से पहले मीटर रीडरों के पुनर्वास, वैकल्पिक रोजगार एवं सेवा सुरक्षा को लेकर स्पष्ट नीति बनाई जाए। मौके पर मीटर रीडर लव कुमार, दुर्गेश देवांगन, धनेश्वर यादव, जीवराज साहू, कमल साहू, भोला राम, राजेंद्र कुमार साहू, राजू चक्रधारी साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिले की सहकारी समितियों में जल्द होगी नई भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी(धमतरी)

धमतरी जिले की सहकारी समितियों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए जल्द नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। भारत सरकार की सहकार से समृद्धि योजना के तहत हर पंचायत में पैक्स गठन का कार्य जारी है, जिसके चलते जिले में समितियों की संख्या 74 से बढ़कर 96 हो गई है। इन समितियों के माध्यम से धान खरीदी, राशन वितरण, ऋण, सीएससी, माइक्रो एटीएम और अन्य योजनाएं संचालित हो रही हैं।

नरेंद्र कुमार साहू जिला कार्यवाहक अध्यक्ष ने बताया कि पिछले 10-15 वर्षों से कर्मचारियों की कमी के कारण मौजूदा स्टाफ पर काम का दबाव बढ़ गया है। सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने पदोन्नति, नई भर्ती, 27 प्रतिशत महंगाई भत्ता और दैनिक कर्मचारियों को बोनस अंक देने की मांग रखी है। कलेक्टर और उप पंजीयक ने मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया है।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020